**S 1611**

Sl. No.

# SSLC EXAMINATION, MARCH - 2021

## HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

---

**निर्देश :**

- पहले 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।
- 1 से 31 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 हैं।

---

Score

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> पाँचवीं कक्षा का रिजल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। ''साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे ?'' बेला ने पूछा। ''और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ?'' साहिल ने पूछा। ''मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम ?'' ''मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।'' ''क्यों साहिल ?'' ''पता नहीं क्यों''

1. अजमेर के स्कूल में साहिल कौन-सी कक्षा में पढ़ेगा ? — 1

2. **'मेरे'** में निहित सर्वनाम कौन-सा है ? — 1

   (क) वह  (ख) यह  (ग) मैं  (घ) तुम

3. साहिल और बेला अलग-अलग स्कूलों में पढ़ने जा रहे हैं। क्यों ? — 3

4. कहानी के प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** लिखें। — 5

5. साहिल और बेला अलग होनेवाले हैं। इससे बेला दुखी है। वह अपने विचारों को डायरी में लिखती है। बेला की संभावित **डायरी** लिखें। — 5

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> मैं
> रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
> लेकिन मुझे फेंको मत!
> क्या जाने; कब
> इस दुरूह चक्रव्यूह में
> अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
> कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!

6. 'मुझे फेंको मत!' - यह कौन कहता है? 1

(क) रथ (ख) महारथी

(ग) टूटा पहिया (घ) ब्रह्मास्त्र

7. विशेषण शब्द पहचानकर लिखें। 1

दुरूह चक्रव्यूह

8. यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 3

– रथ का टूटा चक्र कहता है कि मुझे फेंकना नहीं चाहिए।

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए **पंक्तियों का आशय** लिखें। 5

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का। यानी मेरे टिफ़िन के राजमा-चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा-सा छाछ का डिब्बा मेरा। उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है। लेकिन मुझे मोरपाल से मिलने से पहले कतई अंदाज़ा नहीं था कि मेरे लिए राजमा जैसी सामान्य-सी चीज़ किसी के लिए इतनी खास हो सकती है।

10. मिहिर और मोरपाल के बीच का सौदा क्या था? 1

11. छाछ किसकी कमज़ोरी थी? 1

Score

12. उचित वाक्यांश चुनें, वाक्यों की पूर्ति करें। 5

- टिफिन में लाता था। • साथ लाता था। • स्कूल के दोस्त थे।
- खाने की अदला-बदली होती थी। • साधारण-सी चीज़ थी।

(क) मिहिर और मोरपाल ..........................................

(ख) मिहिर और मोरपाल के बीच ..........................................

(ग) मिहिर राजमा-चावल ..........................................

(घ) मोरपाल अपने घर से ..........................................

(ङ) मिहिर के लिए राजमा ..........................................

13. मिहिर स्कूल के अनुभवों के बारे में मामाजी को पत्र लिखता है। मामाजी के नाम मिहिर का संभावित पत्र लिखें। *(पत्र का कलेवर 70 शब्दों का हो)* 5

**सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते। सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की जरूरत है।

14. कवि के अनुसार हताश व्यक्ति को जानने का मतलब क्या है? 1

(क) उसके ओहदे को पहचानना।

(ख) उसकी मुसीबतों को पहचानना।

(ग) उसका नाम पहचानना।

(घ) उसकी जाति पहचानना।

15. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2
(अपरिचित, पड़ा)

आदमी घायल है।
एक आदमी घायल है।
________________
________________

16. अगस्त 19 विश्व मानवता दिवस के अवसर पर 'ज्वाला कला समिति, जैसलमेर' विश्व प्रेम, भाईचारा आदि संदेशों का प्रचार करने जा रही है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 5

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 17 से 21 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया। तब तक मैनेजर एक रूमाल लेकर आया और पैसे बटोरने लगा।

17. चार्ली को स्टेज पर गाना पड़ा। क्यों? 1
(क) माँ की आवाज़ फटने से।
(ख) दर्शकों की माँग से।
(ग) माँ के दोस्तों के कहने से।
(घ) माँ की ज़िद से।

18. चार्ली की किस घोषणा ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया? 1

19. तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 3
(क) चार्ली का गाना सुनकर लोग खुश हो गए।
(ख) चार्ली के गाने से लोग कोलाहल मचाने लगे।
(ग) चार्ली को शंका हुई कि मैनेजर पैसे लेना चाहता है।
(घ) चार्ली की माँ पैसे बटोरने लगी।
(ङ) चार्ली ने पैसे बटोरने के बाद गाना चाहा।

Score

20. चार्ली को स्टेज पर भेजने के संबंध में माँ और मैनेजर के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 5

21. चार्ली का गाना बहुत अच्छा था। दर्शक खुश हुए। इस घटना की रपट समाचार पत्र में आई। संकेतों की सहायता से **रपट** लिखें। 5

- चार्ली की माँ हेन्ना का स्टेज शो
- आवाज़ फटने से लोगों का कोलाहल
- माँ के बदले चार्ली स्टेज पर
- खुशी से लोगों की तालियाँ

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 22 से 25 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली- ''यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।'' जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा - ''पानी कहाँ से लाएगी ?''

22. यहाँ पानी की खराबी दूर करने का क्या उपाय बताया गया है ? 1

23. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) गंगी बोलता है। (ख) गंगी बोलते हैं।

(ग) गंगी बोलती है। (घ) गंगी बोलता हूँ।

24. जोखू ने पूछा- ''पानी कहाँ से लाएगी ?'' - इस शंका के क्या-क्या कारण हैं ? 3

25. संकेतों की सहायता से **गंगी के चरित्र पर टिप्पणी** लिखें। 5

- 'ठाकुर का कुआँ' कहानी की स्त्री पात्र।
- पति के स्वास्थ्य का ध्यान रखनेवाली।
- आत्मविश्वास दिखानेवाली।
- विद्रोही दिलवाली

**सूचना :** 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 26 से 28 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बूढ़े मल्लाह ने एक गज़ल छेड़ दी। उसका गला काफी अच्छा था और सुनाने का अंदाज भी शायराना था। काफी देर चप्पुओं को छोड़ वह झूम-झूमकर गज़लें सुनाता रहा। एक के बाद दूसरी, फिर तीसरी। मैं नाव में लेटा उसकी तरफ देख रहा था। उस सर्दी में भी वह सिर्फ एक तहमद लगाए था। गले में बनीयान तक नहीं थी।

26. 'शायराना' का मतलब क्या है? 1

(क) दोस्त के समान (ख) मल्लाह के समान

(ग) कवि के समान (घ) प्रकृति के समान

27. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) मल्लाह गज़लें सुनाने लगा। (ख) मल्लाह गज़लें सुनाना लगी।

(ग) मल्लाह गज़लें सुनाने लगीं। (घ) मल्लाह गज़लें सुनाना लगे।

28. बूढ़े मल्लाह की वेश-भूषा कैसी थी? 2

**सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 29 से 31 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। वह ताऊजी के पास जाकर बोली, "देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया?" ताऊजी बोले, "भूला नहीं है रे... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" गुठली, "पर ताऊजी उसमें भइया के छोटे-से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा...।"

29. गुठली के हाथ में किसकी शादी का कार्ड था? 1

30. गुठली का मुँह उतर गया। क्यों? 2

31. यहाँ किस सामाजिक अन्याय की झलक मिलती है? 3

-oOo-